NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th
Subject : Hindi
Chapter : 9
Chapter Name : विश्वेश्वरैया

Q1 पाठ से
(क) अपने घर के बरामदे में खड़े होकर 6 वर्षीय विश्वेश्वरैया ने क्या देखा ?
(ख) तुम्हें विश्वेश्वरैया की कौन सी बात सबसे अच्छी लगी? क्यों?
(ग) विश्वेशरैया के मन में कौन-कौन से सवाल उठते थे ?

Answer.
(क) छः वर्षीय विश्वेश्वरैया अपने घर के बरामदे में खड़ा इस दृश्य को निहार रहा था । गली में पंक्तियों में खड़े पेड़ बारिश में धुल जाने के कारण साफ व सुंदर दिखाई दे रहे थे । पंक्तियों पत्तियों और टहनियों से पानी की बूँदे टप-टप गिर रही थीं । थोड़ी ही दूरी पर हरे - भरे धान के खेत लहलहा रहे थे ।
(ख)विश्वेश्वरैया बचपन से ही मेहनती और विचारशील लड़का था। उसकी यही दो बातें हमें बहुत ही अच्छा लगता है । विश्वेश्वरैया किसी भी काम को करने के लिए पीछे नहीं हटता था।
(ग) विश्वेश्वरैया के मन में हमेशा ही यह प्रश्न उठते थे । प्रकृति के बारे में पूछते - ऊर्जा के कौन से प्रचलित स्रोत हैं ? ऊर्जा को पकड़ का इस्तेमाल में लाया जा सकता है ? लोग गरीब क्यों हैं ? नौकरानी फटी साड़ी क्यों पहनती है ? वह झोपड़ी में क्यों रहती है ? इतने सारे प्रश्न विश्वेश्वरैया के मन में हमेशा ही उठते रहते थे ।

Page : 56 , Block Name : पाठ से

Q2 सवाल
विश्वेश्वरैया अपने मन में उठे सवालों का जवाब अपने अध्यापकों और बड़ों से जानने की कोशिश करते थे। क्या तुम अध्यापकों से पाठ्य पुस्तकों के सवालों के अतिरिक्त भी कुछ सवाल पूछते हो? कुछ सवालों को लिखो जो तुमने अपने अध्यापकों से पूछे हों।

Answer. पुस्तक के सवालों के अलावा मैं अध्यापक से कई सवाल पूछता हूं। जैसे कि—
1. क्या पृथ्वी के अलावा भी कहीं जीवन है।
2. भारत और पाकिस्तान क्यों अलग हुए।
3. बारिश में पानी कहाँ से आता है।
4. पृथ्वी में कहीं दिन और कहीं रात क्यों होती है।

Page : 56 , Block Name : सवाल

Q3 अनुभव और विचार
(क) तुम्हें सर्दी -गर्मी के मौसम में अपने घर के आस-पास क्या-क्या दिखाई देता है?
(ख) तुमने पाठ में पढा कि एक बुढ़ी महिला ताड़पत्र से बनी छतरी लिए खडी थी। पता करो कि ताड़पत्र से और क्या-क्या बनाया जा सकता है?

(ग) विश्वेश्वरैया ने बचपन में रामायण , महाभारत , पंचतंत्र इत्यादि की कहानियाँ सुनी थीं । तुमने पाठ्यपुस्तक के अलावा कौन-कौन सी कहानियाँ सुनी हैं । किसी कहानी के बारे में बताओ ।
(घ) तुम्हारे मन में भी अनेक सवाल उठे होंगे जिनके जवाब तुम्हें नहीं मिले । ऐसे ही कुछ सवालों की सूची बनाओ।
(ङ) तुम्हारे विचार से गरीबी के क्या कारण हैं ?

Answer.
(क) गर्मी के मौसम में सभी पशु-पक्षी पानी के लिए व्याकुल रहते हैं और जहां उन्हें पानी मिलता है वहीं इकट्ठे होकर पीने के लिए चले जाते हैं। गर्मी के दिनों में लोग पसीने से तर बतर होने लगते हैं। गर्मी के मौसम में कूलर,पंखे और ए.सी. सब चलते रहते हैं ।
सर्दी के दिनों में सुबह और शाम चारों तरफ कोहरा छाया रहता है । इस मौसम में लोग आग जला कर के बैठे रहते हैं । इस मौसम में लोग छत पर धूप सेकने के लिए बैठी रहते हैं।
(ख) ताड़पत्र से बहुत सारे सामान बनाए जाते हैं । जैसे - पंखा , टोकरी , बैग , चटाई , डाली ये सारे ताड़पत्र से बनाए जाते हैं ।
(ग) छात्र अपने मन से इसमें रामायण, महाभारत ,पंचतंत्र की कहानियां लिखे।
(घ) मेरे मन में उठने वाले प्रश्न इस प्रकार हैं-

(1) क्या मनुष्य चांद पे जा सकता है?
(2) क्या अंतरिक्ष मानव का अस्तित्व सच में है?

(ङ) गरीबी का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है। अशिक्षित लोगो का विवेक शिक्षित लोगों जैसा नहीं होता है । वे ऐसे काम करते हैं जिससे उन्हें कम पैसा प्राप्त होता है ।

Page : 56 , Block Name : अनुभव और विचार

Q4 वाक्य बनाओ

नीचे पाठ में से चुनकर कुछ शब्द दिए गए हैं आप इनका प्रयोग अपने ढंग से वाक्य बनाने में करे ।
(क) हरे - भरे
(ख) उमड़ - घूमड़
(ग) एक - दूसरे
(घ) धीरे - धीरे
(ङ) टप - टप
(च) फटी - पुरानी

Answer.

(क) हरे- भरे	सावन के मौसम में हरे -भरे पौधे दिखते हैं ।
(ख) उमड़ - घूमड़	आसमान में उमड़ घुमड़ कर बादल छा गए ।
(ग) एक - दूसरे	मां और बच्चा एक दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं ।
(घ) धीरे - धीरे	बारिश धीरे - धीरे रुकने लगी है ।
(ङ) टप - टप	बारिश के बाद पत्तियों से पानी की बूंदे टप - टप गिर रही थीं ।

(च) फटी - पुरानी गरीब लड़की ने फटी - पुरानी फ्रॉक पहन रखी थी ।

Page : 56 , Block Name : वाक्य बनाओ

Q5 इन वाक्यों को पढ़ो और इन्हें प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलो
(क) ज्ञान और सीमित है।
(ख) आकाश में अंधेरा छाया हुआ था ।
(ग) गड्ढे और नालियां पानी से भर गई .
(घ) उसने एक जलप्रपात का रूप धारण कर लिया ।
(ङ) राष्ट्रीयता की चिंगारी जल उठी थी ।
(च) मैं काफी धन कमा लूंगा ।

Answer.
(क) क्या ज्ञान सीमित होता है ?
(ख) क्या आकाश में अंधेरा छाया हुआ था ?
(ग) क्या गड्ढे और नालियां पानी से भरी हुई थी ?
(घ) क्या उसने एक जलप्रपात का रूप धारण कर लिया था ?
(ङ) क्या राष्ट्रीयता की चिंगारी जल उठी थी ?
(च) क्या मैं काफी धन कमा सकता हूं ?

Page : 56 , Block Name : अभ्यास